दिन– रविवार 					दिनांक– 20/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। 					अवधिः– 15 मिनट

---

01. वक्फ संशोधन कानून को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने विरोध को लेकर सवाल उठाया।

02. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया– बिहार को विशेष पैकेज के नाम पर भाजपा ने धोखा दिया है। भाजपा ने कहा–तीन लाख करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया है।

03. शिक्षा विभाग ने कहा– पहली से तीसरी कक्षा तक बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जायेगा।

04. और, ईस्टर के अवसर पर ईसाई धर्मावलंबी विशेष धार्मिक कार्यक्रम और प्रार्थना सभा में भाग ले रहे है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पिछड़े मुस्लिम समुदाय में शिक्षा को बढ़ावा देने का समर्थन किया है। पटना के बापू सभागार में पसमांदा कांफ्रेंस को संबोधित करते राज्यपाल ने कहा कि वक्फ का मकसद चैरिटी के काम करना है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियों से अस्पताल, स्कूल और अनाथालय बनाने का काम नहीं हुआ।

–––बाइट–––

---

उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर विपक्ष पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि यह कानून गरीब, पिछड़े मुसलमानों और महिलाओं के हित में है।

–––बाइट–––

---

वक्फ संशोधन कानून के विरोध में जनता दल यूनाईटेड के किशनगंज के जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक मास्टर मुजाहिद आलम ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कल उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वक्फ कानून पर वे जदयू नेतृत्व के रूख से सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को इसका समर्थन नहीं करना चाहिए था। मुजाहिद आलम पिछली बार लोकसभा चुनाव में जनता दल यूनाईटेड के उम्मीदवार थे। वे पिछले पंद्रह वर्षों से पार्टी से जुड़े हुए थे।

---

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज बक्सर जिले के दलसागर मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री खड़गे ने आरोप लगाते हुए कहा कि सवा लाख करोड़ के रुपये के बिहार पैकेज को लेकर लोगों को गुमराह किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को इसका जवाब देना चाहिए।

---बाइट---

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा लोगों को वक्फ के नाम पर लड़वाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लगातार संविधान पर हमला किया जा रहा है। श्री खड़गे ने कहा कि बीजेपी सरकार विपक्ष को डराना चाहती है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष गलत बयानी कर रहे है। बिहार को तीन लाख करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया है।

---बाइट---

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के प्रचार अभियान के तहत गया में आज मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर गया और बोधगया के क्षेत्रों के लिए रवाना किया। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने गया में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाली खेल स्पर्धाओं की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को खिलाड़ियों की हर प्रकार की सुविधा का ध्यान रखने और हर स्तर पर पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने

को कहा। गौरतलब है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन चार से पन्द्रह मई तक किया जायेगा। इस दौरान पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया जायेगा।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत होने वाली 4 मई से राष्ट्रीय फुटबॉल मैच बेगूसराय में आयोजित होंगे। इसे लेकर जोर–शोर से तैयारी की जा रही है। बेगूसराय के उप विकास आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर ने कहा कि दो स्टेडियम यमुना भगत स्टेडियम और बरौनी रिफाइनरी को अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

---

शिक्षा विभाग ने कहा है कि स्कूलों में कक्षा तीन तक के बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाएगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कक्षा तीन तक के बच्चों को भोजपुरी, मैथिली सहित अन्य स्थानीय भाषाओं में पढ़ाया जाएगा। शनिवार शिक्षा संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि चेतना सत्र कार्यक्रम में बच्चों को अलग–अलग प्रकार की गतिविधियां सीखाई जायेंगी। इस दौरान राष्ट्रगान, प्रार्थना और राष्ट्र भावना को जागृत करने वाली गतिविधियां बताई जायेंगी। इसके अलावा बच्चों को स्वच्छता, स्वास्थ्य रक्षा की भी जानकारी दी जाएगी।

———बाइट———

---

प्रसिद्ध कलाकार, लेखक और कवि श्याम शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा पटना में आयोजित राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी की सराहना की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि मूर्तिकला, चित्रकला, फोटोग्राफी सहित विविध कलाओं के युवा कलाकारों को बढावा मिलेगा।

———बाइट———

यह कला प्रदर्शनी अगले महीने की आठ तारीख तक चलेगी। पटना स्थित ललित कला अकादमी की कला दीर्घा में आयोजित इस प्रदर्शनी में मंच पाकर युवा कलाकारों ने प्रसन्नता जताई।

———बाइट———

---

भोजपुर में आरा और जगदीशपुर में बाबू कुंवर सिंह का विजयोत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिला कला और संस्कृति पदाधिकारी अनुप्रिया ने बताया कि तेईस और चौबीस अप्रैल दो दिनों तक कार्यक्रम होगा।

———बाइट———

---

भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम पटना में बाईस और तेईस अप्रैल को एयर–शो का आयोजन करेगी। इस दौरान यातायात प्रबंधन के मद्देनजर बाईस और तेईस अप्रैल को जे.पी. गंगा पथ पर एलसीटी घाट से कृष्णा घाट तक छह घंटे तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। सुबह छह बजे से बारह बजे तक इस हिस्से में वाहन नहीं चलेंगे।

---

प्रदेश के विभिन्न प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज भी जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों ने गांवों में जाकर संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया और महिलाओं की राय सुनी। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के विभिन्न प्रकार के सुझाव लिये जा रहे हैं ताकि उनके लिए योजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार किया जा सके। इधर, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि सरकारी पैसे का इस कार्यक्रम मे दुरूपयोग किया जा रहा है।

ईसाई धर्मावलंबी आज ईस्टर का त्यौहार मना रहे हैं। इस अवसर पर पटना स्थित पादरी की हवेली सहित प्रदेश के विभिन्न गिरजाघरों में प्रार्थना सभा और अन्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी बनी हुई है। इसके कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। रोहतास का डेहरी लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। वहीं, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां में एक–दो स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की आशंका है।

बेतिया पुलिसलाइन में एक सिपाही ने अंधाधुंध गोलीबारी कर सोनु नाम के सिपाही की हत्या कर दी। गोली चलाने वाले सिपाही की पहचार सर्वजीत के रूप में हुई है। गोलीबारी के कारण पुलिसलाइन में अफरा–तफरी मच गई। चंपारण रेंज के डीआईजी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह घटना आपसी रंजिश में हुई है।

अररिया जिले में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में बावन फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, जिले के सोनमणी गोदाम और सिकटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास जिले में सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोक अदालत के जरिये विवादों को सुलझाने के बारे में जानकारी दी गई।

---

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए दरभंगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दरभंगा जिले में 29 लाख 88 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे हैं।

---

कैमूर जिले के भभुआ में आरपीएफ ने ग्यारह बच्चों को मुक्त कराया है। इन बच्चों को बालमजदुरी के लिए मुंबई एवं राजस्थान से लाया जा रहा था। इन सभी बच्चों को जिला बाल संरक्षण इकाई कैमूर को सुपुर्द कर दिया गया है।

---

01. वक्फ संशोधन कानून को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने विरोध को लेकर सवाल उठाया।

02. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया– बिहार को विशेष पैकेज के नाम पर भाजपा ने धोखा दिया है। भाजपा ने कहा–तीन लाख करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया है।

03. शिक्षा विभाग ने कहा– पहली से तीसरी कक्षा तक बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जायेगा।

04. और, ईस्टर के अवसर पर ईसाई धर्मावलंबी विशेष धार्मिक कार्यक्रम और प्रार्थना सभा में भाग ले रहे है।

---

समाप्त